# University in News on 09 August 2024

## HINDUUSTAN PAGE 6

## बीए में प्रवेश लेने वाले छात्रों का डॉक्यूमेंट सत्यापन 12 से

**एलयू**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए एनईपी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले नव प्रवेशित विद्यार्थियों के मूल अभिलेखों और प्रमाण पत्रों की जांच के लिए तिथि तय कर दी गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके अनुसार बीए एनईपी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के मूल अभिलेखों और प्रमाण पत्रों की जांच 12 से 14 अगस्त तक की जाएगी। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपने प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के साथ मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र, अभिलेख और सभी की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति भी लानी होगी।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि बीए एनईपी कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्रों के डॉक्यूमेंट व सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन का कार्य मुख्य परिसर कला संकाय के अटल ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों को अपने नाम के वर्णमाला के अनुसार आना होगा।

वहीं इस बाबत डॉ. अनित्य का कहना है कि 12 अगस्त को ए से आई, 13 को जे से क्यू और 14 अगस्त को आर से जेड अल्फाबेट से नाम वाले छात्रों को उपस्थित होना होगा। जानकारी के अनुसार सभी विद्यार्थियों को सुबह 10 बजे अटल ब्लॉक पहुंचना अनिवार्य है।



### बीएससी और डीफार्मा का तीसरा अलॉटमेंट जारी

एलयू में सत्र 2024-25 स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीएससी बायो और डीफार्मा पाठ्यक्रम का तीसरा सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने पूर्व में दिए गए लॉगिन आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि बीएससी बायो के लिए ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस 10 अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। जबकि डीफार्मा के लिए नौ अगस्त की रात 12 बजे तक फीस जमा की जा सकती है।

### साक्षात्कार पत्र के साथ होना होगा उपस्थित, प्रवेश समन्वयक के निर्देश जारी

## एलयू: 14 को पार्ट टाइम एमटेक के साक्षात्कार, सौ सीटों पर प्रवेश जारी

**दाखिले की दौड़**

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत पार्ट टाइम एमटेक कार्यक्रम में दाखिले के लिए साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके मुताबिक 14 अगस्त को सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। पार्ट टाइम एमटेक पाठ्यक्रम में साक्षात्कार के आधार पर ही एडमिशन लिए जाने का भी निर्णय लिया गया है।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि इस सत्र से एलयू में पांच स्ट्रीम में पार्ट टाइम एमटेक की पढ़ाई हो सकेगी। कुल 100 सीट पर प्रवेश प्रक्रिया जारी है। नौकरीशुदा व्यक्तियों के लिए शुरू किए गए पार्ट टाइम एमटेक कार्यक्रम की डिमांड बढ़ रही है। इसके मद्देनजर इस सत्र से दो नए स्ट्रीम में भी पार्ट टाइम एमटेक की पढ़ाई शुरू की जा रही है। जिनके नाम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग साइबर सिक्योरिटी है। दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 20-20 सीटें तय की गई हैं। उन्होंने बताया कि पार्ट टाइम एमटेक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए गुरुवार को साक्षात्कार पत्र जारी कर दिया गया है। जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी व पासवर्ड की सहायता से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव के अनुसार आवेदकों को साक्षात्कार के दिन साक्षात्कार पत्र के साथ अपने सभी मूल अभिलेखों और प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना होगा।

विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में 14 अगस्त को सुबह 10 बजे से साक्षात्कार का आयोजन होगा।

**02** नए स्ट्रीम में भी पार्ट टाइम एमटेक इस सत्र से शुरू किया जा रहा

### इन स्ट्रीम में साक्षात्कार

1. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस- 20 सीट
2. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग साइबर सिक्योरिटी- 20 सीट
3. इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग- 20 सीट
4. इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पॉवर सिस्टम- 20 सीट
5. मैकेनिकल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रियल एंड प्रोडक्शन इंजीनियरिंग- 20 सीट

### एलएलबी, बीपीएड समेत 24 विषयों की कुंजी जारी

एलयू में परास्नातक प्रवेश परीक्षा के तहत 24 विषयों की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि एलएलबी तीन वर्षीय, बीपीएड, एमए या एमएससी गणित, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, एमए एमआईएच, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी, समाज कार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार, भूगोल, मनोविज्ञान और लोक प्रशासन विषय की उत्तर कुंजी घोषित की गई है। एलयू की वेबसाइट विद्यार्थी यह उत्तर कुंजी देख सकते हैं।

### बीबीए और बीकॉम का चौथा सीट अलॉटमेंट हुआ

विश्वविद्यालय में बीबीए, बीकॉम एनईपी और बीकॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम का चौथा सीट अलॉटमेंट और अपग्रेडेशन का रिजल्ट घोषित हुआ है। जिसे अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का इस्तेमाल करना होगा। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि इन पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन सीट कंफर्मेशन फीस 10 अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### काकोरी एक्शन के पहलुओं को चित्रों में दर्शाया

लखनऊ। एलयू के मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी वर्ष पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अरविन्द मोहन ने किया। यहां विभाग के विद्यार्थियों की ओर से काकोरी एक्शन के सभी पहलुओं को चित्रों में प्रदर्शित किया गया। विभाग ने काकोरी घटना से जुड़े सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया कि घटना हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में मील का पत्थर है।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

## प्रो बोनो क्लब और लीगल एड सेंटर की वार्षिक रिपोर्ट जारी



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने प्रो बोनो क्लब और लीगल एड सेंटर की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया। इस रिपोर्ट को कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय द्वारा प्रख्यात संकाय सदस्यों और क्लब प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जारी किया गया। जिसमें प्रमुख और डीन, प्रो.बीडी सिंह, लीगल एड सेंटर और प्रो बोनो क्लब के चेयरपर्सन, डॉ.आलोक कुमार यादव और प्रो.विनीता कचर उपस्थित थे। वार्षिक रिपोर्ट में लीगल एड सेंटर और प्रो बोनो क्लब द्वारा पिछले एकेडमिक वर्ष में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का विवरण है। इसमें वंचित समुदायों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने, कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने और कानून के छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की संस्कृति को बढ़ावा देने की विभिन्न पहल शामिल हैं। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सदस्यों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा, हमारे प्रो बोनो क्लब और लीगल एड सेंटर द्वारा दिखाए गए न्याय और सामुदायिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता विश्वविद्यालय के मिशन को कानूनी शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का प्रतीक है। प्रो.बीडी सिंह ने इन गतिविधियों से छात्रों को मिलने वाले अमूल्य सीखने के अवसरों को उजागर किया। डॉ.आलोक कुमार यादव ने कानूनी सहायता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा,यह कानूनी प्रणाली और जरूरतमंदों के बीच की खाली जगह को पाटने में सहायक है। लविवि न्याय तक पहुंच और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने में अग्रणी है, जो देश के अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक उदाहरण स्थापित करता है। इस मौके पर प्रो बोनो और विधिक सहायता केंद्र के सदस्य मौजूद रहे।

## जीव अनुसंधान में एआई पर कार्यशाला



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में जीव अनुसंधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग पर कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उक्त आयोजन प्रो.एम.सेराजुद्दीन, अध्यक्ष, जूलॉजी विभाग द्वारा किया गया। जिन्होंने बायोस्टैटिस्टिकल टूल्स पर भी एक व्याख्यान दिया। इस कार्यशाला में डॉ.तल्हा जावेद कॉलेज ऑफ मेडिसिन, सऊद इस्लामिक यूनिवर्सिटी द्वारा एआई प्रस्तुति सॉफ्टवेयर प्रेज़ी के उपयोग पर और प्रो.पुनीत मिश्रा लविवि द्वारा जूलॉजी में एआई टूल्स पर अंतर्दृष्टिपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो.मनुका खन्ना, प्रो-वाइस चांसलर, लविवि ने की, जिन्होंने प्रतिभागियों और संसाधन व्यक्तियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। डॉ. हदिया हुसैन ने इस कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया और मंच का प्रबंधन किया। कार्यक्रम का समापन प्रो.मोनिशा बनर्जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस समारोह के दौरान, प्रो.सुधीर मिश्रा ने हमारे जीवन में एआई के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो.अमिता कनौजिया, डीन एकेडमिक्स, प्रो.गीतांजलि मिश्रा,डॉ.कल्पना सिंह, डॉ.राजेश खारवार, डॉ.परमजीत सिंह,डॉ.आशुतोष रंजन,डॉ.नितीश राय, डॉ.निधि मिश्रा, डॉ.तृप्ति यादव की उपस्थिति ने कार्यक्रम की महत्ता को और बढ़ाया।

**प्रो. एम. सेराजुद्दीन का बायोस्टैटिस्टिकल टूल्स पर व्याख्यान**

## काकोरी एक्शन की याद में पोस्टर प्रदर्शनी



स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के शताब्दी वर्ष के अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग में किया। पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो.अरविन्द मोहन ने किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो.एसए रिजवी, प्रो. रश्मि रेखा, प्रो. शमा महमूद, डॉ.मनीषा तथा डॉ.दीप्ति जायसवाल उपस्थित रहीं। इस आयोजन के उपलक्ष्य में विभाग के विद्यार्थियों द्वारा काकोरी एक्शन के सभी पहलुओं को चित्रों द्वारा प्रदर्शित किया गया। विभाग ने काकोरी घटना से जुड़े सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह घटना हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : पीजी कोर्सों की उत्तर कुंजी जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने परास्नातक के लिए हुई प्रवेश परीक्षा के 24 कोर्स की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर इससे ओएमआर की कॉर्बन कॉपी का मिलान कर सकते हैं। जिन विषयों की आंसर-की जारी की गई है, उनमें एलएलबी, बीपीएड, एमएससी, एमए, एमकॉम के विभिन्न कोर्स शामिल हैं। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### जीव अनुसंधान में एआई के इस्तेमाल पर हुई कार्यशाला



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में 'जीव अनुसंधान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग' पर एक कार्यशाला गुरुवार को आयोजित हुई। इस कार्यक्रम का आयोजन जूलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. एम सेराजुद्दीन की ओर से किया गया। कार्यशाला में डॉ. तल्हा जावेद (कॉलेज ऑफ मेडिसिन, सऊद इस्लामिक यूनिवर्सिटी) और प्रो. पुनीत मिश्रा ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रो अमिता कनौजिया, डीन एकेडमिक्स, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. राजेश खारवार, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. आशुतोष रंजन, डॉ नितीश राय, डॉ निधि मिश्रा, डॉ तृप्ति यादव उपस्थिति रहे।

### पीआईएल ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी की ओर से द्वितीय डॉ. शंकर दयाल शर्मा पीआईएल ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पोस्टर का अनावरण गुरुवार को किया गया। विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह ने पोस्टर का अनावरण कर छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अनावरण में कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ. हरीश चंद्र राम, कैंपस डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह, समिति की प्रेसिडेंट आरजू नायाब एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन गुरुवार से शुरू हो गया है।

### प्रो बोनो क्लब व लीगल एड सेंटर की वार्षिक रिपोर्ट जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लविवि ने अपने प्रो बोनो क्लब और लीगल एड सेंटर की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन किया। रिपोर्ट को कुलपति की ओर से संकाय सदस्यों और क्लब प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जारी किया गया जिसमें प्रोफेसर डॉ. बीडी सिंह, प्रो बोनो क्लब के चेयरपर्सन डॉ. आलोक कुमार यादव और प्रोफेसर विनीता कचर उपस्थित थे।

## LOKSATYA PAGE 2

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्ष पर लगी प्रदर्शनी



**लखनऊ।** मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से 'काकोरी ट्रेन एक्शन 'शताब्दी वर्ष पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग में किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो अरविन्द मोहन ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो एसए रिजवी, प्रो रश्मि रेखा, प्रो शमा महमूद, डा मनीषा व डॉ दीप्ति जायसवाल उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने काकोरी एक्शन के समस्त पहलुओं को चित्रों के जरिए प्रदर्शित किया गया। विभाग ने काकोरी घटना से जुडे.सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**फोटो : लोकसत्य**

## TOI PAGE 2

### Posters depict Kakori Action in LU show

On the occasion of the 'Kakori Train Action' centenary, department of medieval and modern history, University of Lucknow organised a Poster Exhibition



on Thursday. The exhibition was inaugurated by dean faculty of arts, Arvind Mohan. Head of the department S A Rizvi, Rashmi Rekha, Shama Mahmood, Dr Manisha and Dr Deepti Jaiswal were present on the occasion. The historic event was displayed through pictures by students of the department.

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि में मनेगा एंटी रैगिंग डे

लखनऊ : लवि 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग डे मनाएगा। रैगिंग कमेटी के अध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संकायाध्यक्ष, मुख्य अभिरक्षक और संस्थान के निदेशक को निर्देश जारी किए। एंटी रैगिंग डे सप्ताह के अंतर्गत स्लोगन, निबंध की प्रतियोगिताएं होंगी। (जासं)